प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 06.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य की 56 लाख महिलाओं के खाते में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर करेंगे मंईयां सम्मान योजना की राशि, राजधानी रांची के नामकुम आर्मी ग्राउंड में होगा समारोह।
2. केंद्र सरकार समाज के अंतिम वर्ग तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध, प्रधानमंत्री ने कहा– भारत में दुनिया का स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्र बनने की है अपार क्षमता।
3. सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व आज, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि ।
4. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने देवघर में बंद पड़ा रक्त संग्रहण केंद्र चालू करने का दिया निर्देश, कहा – राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों की भलाई।
5. 12 जनवरी से रांची में शुरू हो रहे हॉकी इंडिया महिला लीग के लिए आज से पहुँचने लगी टीम्स, अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ी कर रहे तैयारी।

*****************

राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम अब से कुछ ही देर में राजधानी रांची के नामकुम आर्मी ग्राउंड में होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की 56 लाख महिलाओं के खाते में आज डीबीटी के माध्यम से मंईयां सम्मान योजना की राशि ट्रांसफर करेंगे। इस कार्यक्रम में 3 से 4 लाख महिलाओं के शामिल होने की संभावना है।

*****************

केंद्र सरकार समाज के अंतिम वर्ग तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 185 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के नए भवन की आधारशिला रखते हुए कहा कि भारत में दुनिया का स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्र बनने की अपार क्षमता है।

*****************

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरू गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानवता की भलाई के लिए गुरु गोविंद सिंह की निःस्वार्थ भक्ति नागरिकों को प्रेरित करती रहती है।

इधर, इस मौके पर राजधानी रांची के गुरुनानक स्कूल सभागार में विशेष दीवान सजाया जायेगा। शहर के अन्य गुरुद्वारों में भी विशेष दीवान सजाया गया है, और अखंड पाठ रखा गया है। आज गुरु पर्व पर गुरूजी का अटूट लंगर भी बरतेगा।

*****************

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) ने कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के दो मामलों का पता लगाया है। यह मामले ICMR द्वारा भवसन संबंधी बीमारियों की निगरानी के दौरान सामने आए।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों के मंसूबों को नाकाम करने में पुलिस को कामयाबी मिली है। टोंटो थाना क्षेत्र के जंगलों से सुरक्षा बलों ने सर्च अभियान के दौरान आईईडी विस्फोटक बरामद किया जिसे जंगल में ही नष्ट कर दिया गया।

*****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने देवघर जिले के सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी को निर्देश दिया है कि वे मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल में बंद पड़ा रक्त संग्रहण केंद्र एक सप्ताह में चालू करें।

*****************

बोकारो जिले में पुलिस और जनता के बीच अच्छे संबंध बनाने और संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस ने गोमिया प्रखंड के लालगढ़ फुटबॉल मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य पुलिस और ग्रामीणों के बीच की दूरी को कम करना है।

*****************

रामगढ़ जिले के घाटो स्थित टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन में कल 13वीं वार्षिक सब्जी और पुष्प प्रदर्शनी का समापन हुआ। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में 54 स्टॉल और 7 फूड स्टॉल लगाए गए। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि इस आयोजन से हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने का मौका मिलता है।

*****************

लातेहार जिले में वैज्ञानिक विधि से लाह की खेती करायी जाएगी।

*****************

पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गर्दा गांव में कल रात हुई फायरिंग में कुख्यात अपराधी दीपक साहू और भारत पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसे आपसी गिरोह रंजिश का परिणाम बताया है।

*****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- चतरा जिले में हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना परिसर में निःशुल्क कानूनी सलाह और सहायता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता, सब इंस्पेक्टर छोटन राम सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।
- इधर देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने करौं थाना प्रभारी अमर कुमार को निलंबित कर उनकी जगह एसआई विपिन कुमार को नियुक्त किया है।
- इधर रामगढ़ के कुजू ट्रांसपोर्टनगर में रंगदारी को लेकर अपराधियों ने कोयला व्यवसायी को गोली मार के गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस की टीम जांच में जुटी है।
- लोहरदगा जिले में 16 जनवरी को होने वाले बिहार बिस्कोमान अध्यक्ष चुनाव को लेकर बैठक हुई, जिसमें सांसद सुखदेव भगत और 12 विधायक शामिल हुए।

*****************

हॉकी इंडिया महिला लीग 12 जनवरी से राजधानी रांची में शुरू हो रहा है। इसके तहत देश भर से टीम्स रांची पहुंच रही हैं। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए खिलाड़ी अभ्यास सत्र के दौरान तैयारी कर रहे हैं।

************